**चित्रकला –कोड 049**
**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र***
**कक्षा –X (2025 –26 )**

**समय – 2 घंटे** **अधिकतम अंक – 30**

**सामान्य निर्देश**:

- निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
- इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, जिनमें आंतरिक विकल्प शामिल हैं।
- **खंड-क** में 8 प्रश्न बहुविकल्पीय हैं, जिनमें प्रत्येक 1 अंक का है।
- **खंड-ख** में 5 प्रश्न छोटे उत्तर वाले हैं, जिनमें प्रत्येक 2 अंक का है। (उत्तर लगभग 100 शब्दों में)
- **खंड-ग** में 3 प्रश्न लंबे उत्तर वाले हैं, जिनमें प्रत्येक 6 अंक का है। (उत्तर लगभग 200 शब्दों में)

| **संख्या** | **खंड- क** | **अंक** |
|---|---|---|
| | **दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें**: | |
| 1. | निम्न में से कौन से प्रकार के ब्रश उपलब्ध हैं?<br>i. फ्लैट<br>ii. राउंड<br>iii. कोणीय<br>iv. उपर्युक्त सभी | 1 |
| 2. | सिंह शीर्ष स्तंभ किस गुण का चित्रण करता है:<br>i. साहस<br>ii. धर्म के मार्ग का पालन करके विजय प्राप्त करना<br>iii. करुणा<br>iv. उपर्युक्त सभी | 1 |
| 3. | सामान्य पेंसिल में कौन सा कच्चा माल प्रयोग होता है:<br>i. ग्रेफाइट<br>ii. कार्बन<br>iii. लोहा<br>iv. हीरा | 1 |
| 4. | कैलाशनाथ मंदिर कहाँ स्थित है:<br>i. अजंता<br>ii. एलोरा<br>iii. मिथिला<br>iv. बाघ | 1 |
| 5. | इस तत्व का अन्तरिक्ष में बहुत कम अस्तित्व होता है लेकिन फिर भी दृश्य के केंद्र के रूप में कार्य कर सकता है:<br>i. बिंदु<br>ii. रेखा<br>iii. खाली जगह | 1 |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| | iv. टोन | |
| 6. | बोधिसत्त्व पद्मपाणि किस शताब्दी में बनाया गया था:<br>i. दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व<br>ii. आठवीं शताब्दी ईस्वी<br>iii. पांचवीं शताब्दी ईस्वी<br>iv. पांचवीं शताब्दी ईसा पूर्व | 1 |
| 7. | रंग, मान और तीव्रता किसके गुण हैं :<br>i. सद्भाव<br>ii. रूप के आकार<br>iii. रंग<br>iv. बनावट | 1 |
| 8. | टेम्परा तकनीक में सामान्यतः कौन सा माध्यम उपयोग होता है?<br>i. जल रंग<br>ii. पेस्टल रंग<br>iii. तेलीय रंग<br>iv. स्याही रंग | 1 |
| | **खंड-ख** | |
| 9. | क) जैसे सीधे और साधारण लोग हमारे जीवन में खुशियाँ लाते हैं, वैसे ही वर्ली चित्रकला अपनी सादगी के कारण आँखों को भाती है। इस कथन के आधार पर -<br>i. अपने अध्ययन कोर्स से वर्ली कला पर कुछ पंक्तियाँ लिखें।<br>ii. इसके रूप और रंग की व्याख्या करें और यह आपके लिए किस प्रकार थेरेपी का कार्य करती है।<br>**(अथवा)**<br>i. मानव आकृतियों, पक्षियों और जानवरों को चित्रित करने के लिए कितने प्रकार के 'आकारों' का उपयोग किया जाता है?<br>ii. वर्ली पेंटिंग को अपने पारंपरिक रूप में बनाने के लिए कौन से उपकरण और तकनीकें प्रयोग की जाती हैं? | 2 |
| 10. | क) इनके बीच के अंतर स्पष्ट करें-<br>i. पेस्टल और क्रेयॉन्स (मोम रंग)<br>ii. जल रंग और पोस्टर रंग<br>(**अथवा**)<br>i. पेंटिंग कौन सा माध्यम ओपेक (अपारदर्शी) होता है और किस लोकप्रिय रंगीन लोक कला में इसका उपयोग होता है?<br>ii. इस माध्यम में प्रयुक्त उपकरण कौन से हैं तथा यह किस सतह पर सर्वाधिक प्रभावी रूप से प्रयोग होता है? | 2 |
| 11. | क) मधुबनी भारत की सबसे प्रसिद्ध पारंपरिक कलाओं में से एक है।<br>i. इसका नाम किससे लिया गया है और यह किसका जन्मस्थान है?<br>ii. आपको क्यों लगता है कि यह लोकप्रिय है?<br>**(अथवा)**<br>i. मधुबनी चित्रकला की विशेषताएँ क्या हैं?<br>ii. ये सामान्यतः किस अवसरों पर बनाई जाती हैं? | 2 |
| 12. | क) एकता, सामंजस्यता, संतुलन, लय, महत्व, समानुपात, सार और शैलीकरण रचना के सिद्धांत हैं: | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | i. कला के किन्ही दो सिद्धांतों का वर्णन करें<br>ii. कला के सिद्धांत कलाकारों को अपनी कलाकृति के माध्यम से अपनी भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने में कैसे सक्षम बनाते हैं?<br>**(अथवा)**<br>ख) कला का एक बहुत महत्वपूर्ण तत्व रिक्त स्थान (Space) हैं।<br>i. Space के दो प्रकार क्या हैं?<br>ii. किसी पेंटिंग की सराहना कलाकार के उसके स्थान को उपयोग करने की क्षमता के आधार पर कैसे की जा सकती है? | |
| 13. | क) विशाल दहाड़ते हुए शेरों की आकृति वाला सिंह शीर्ष स्तंभ, गोलाकार शीर्षफ़लक (सर्कुलर एबेकस) पर मजबूती से खड़ा है, जिस पर ओजपूर्ण प्रवाह में 4 जानवरों की आकृतियां उकेरी गई हैं। यह अब हमारा राष्ट्रीय प्रतीक है:<br>i. किस सम्राट और किस राजवंश ने यह सिंह शीर्ष स्तंभ बनवाया था?<br>ii. यह किस ऐतिहासिक घटना का चित्रण करता है और कहाँ स्थित है?<br>**(अथवा)**<br>i. शीर्षफ़लक (एबेकस) पर 4 जानवर कौन से हैं?<br>ii. उलटा कमल (इंवेर्टेड लोटस) किसका प्रतीक है? | 2 |
| | **खंड-ग** | |
| | **दिए गए विकल्पों में से <u>कोई दो</u> प्रश्न हल करें** | |
| 14. | यदि आपको कला के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त करना हो<br>i. आप कौन सी भावना चुनेंगे और उसे क्या शीर्षक देंगे?<br>ii. आप कौन सा माध्यम चुनेंगे और क्यों?<br>iii. आप अपनी कलाकृति को किस आधार पर बनाएंगे और क्यों?<br>iv. अपनी कला के लिए कौन सा माध्यम चुनेंगे और क्यों?<br>v. आप कौन से ब्रश का चयन करेंगे और क्यों?<br>vi. आप कौन से रंगों के रूप और रंगों का चयन करेंगे और क्यों? | 6 |
| 15. | "बोधिसत्त्व पद्मपाणि" को "षडंगा" (भारतीय कला के छह अंगों) के आधार पर समझाएँ और निम्नलिखित की व्याख्या करें-<br>i. इसका स्थान और काल<br>ii. (फ्रेस्को) भित्तिचित्र तकनीक<br>iii. फूल, मोती, हार और अर्ध बंद आँखें आदि प्रतीकात्मक रूप से उनके चरित्र को कैसे दर्शाते हैं? | 6 |
| 16. | नीचे दी गई छवि में दिखाए गए अद्भुत मंदिर के बारे में लिखें<br>नीचे दिए गए प्रश्नों को अपने उत्तर में लिखें।<br>i. मंदिर का नाम पहचानें?<br>ii. उपयोग सामग्री क्या है?<br>iii. लम्बवत उत्खनन (वर्टिकल एक्सकावेशन) क्या है?<br>iv. उसके आकार, वास्तुकला और मंदिर के भाग के आधार पर उसकी संरचनात्मक प्रतिभा का वर्णन करें। | 6 |



*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।